प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for **Plasma Research**
पऊवि DAE
भाट, निकट इन्दिरा पुल, गांधीनगर (भारत) / Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)
Tel: +91-079-23962000 Fax: +91-079-23962277 Web - www.ipr.res.in

**विज्ञापन सं. 06/2018**

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव में स्थित है और गाँधीनगर के सेक्टर 25 में स्थित जीआईडीसी में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहटी में भी इसका एक केन्द्र है।

नीचे उल्लिखित पद के लिए अत्यधिक प्रेरित और परिणाम उन्मुख उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

कार्यालय लिपिक - ए (अनारक्षित) पद की संख्या - **4**

आयु सीमा: **35** साल। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ पूर्व-सैनिक उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट इस संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्वीकार्य है।

वेतन मान: वेतन मैट्रिक्स का स्तर 2 और मूल वेतन ₹19900 / - प्रति माह।

योग्यता और अनुभव: 10वीं पास एवं प्रतिष्ठित संगठनों में 2 साल का संबंधित अनुभव/ इंटरमीडिएट (12वीं) पास। पर्सनल कंप्यूटर में निपुणता के साथ 40 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम टाइपिंग गति। स्वतंत्र रूप से अंग्रेजी में नियमित पत्राचार करने की क्षमता रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। केंद्र सरकार के नियमों की जानकारी होना अतिरिक्त लाभप्रद होगा।

कार्य का विवरण:

चयनित उम्मीदवार को मानव संसाधन, सामान्य प्रशासन, स्थापना अनुभाग, लेखा अनुभाग, क्रय एवं भंडार अनुभाग से संबंधित नियमित कार्य करने होंगे। उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अंग्रेजी में स्वतंत्र पत्राचार का कार्य कर सकते हैं और कंप्यूटर के अच्छे जानकार हैं।

चयन प्रक्रिया:

विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, श्रेणी आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शार्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

परीक्षा की योजना: परीक्षा दो भागों में होगी।

भाग I- लिखित परीक्षा सभी शॉर्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों के लिए होगी।

लिखित परीक्षा: लिखित परीक्षा के विषय निम्नानुसार होंगे:

| क्र. सं | परीक्षा |
|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान |
| 2 | सामान्य जागरूकता |
| 3 | प्राथमिक गणित / संख्यात्मक |
| 4 | कंप्यूटर और तर्कसंगत |

नीचे दिये गये भाग-II (क) और (ख) की परीक्षा उन उम्मीदवारों पर लागू होगी जो लिखित परीक्षा (भाग–I) में न्यूनतम मानक प्राप्त करते हैं, जिसे संस्थान द्वारा अपने विवेकाधिकार पर तय किया जा सकता है।:

भाग II

(क) पत्र लेखन - वर्णनात्मक

(ख) कंप्यूटर पर टाइप राइटिंग टेस्ट- इसमें एक पन्ने की विषय वस्तु 10 मिनट की अवधि में टाइप करने के लिए दी जाएगी।

भाग-II की परीक्षा के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

# सामान्य जानकारी

ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और संगठन की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया/घटया जा सकता है। केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। विकलांग उम्मीदवारों को भी अनारक्षित कोटा में अपने स्वयं की योग्यता के आधार पर चुना जा सकता है।

वेतन और भत्ते के अलावा, उपरोक्त पदों के लिए अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा योजना, नि:शुल्क परिवहन और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी। अतिरिक्त सुविधाएँ जैसे नई पेंशन योजना, एलटीसी, ग्रुप लिंक्ड इंश्योरेंस स्कीम, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता संस्थान के नियमों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए। उम्र, योग्यता, अनुभव आदि के संबंध में योग्यता मापदंड के लिए तारीख 13/7/2018 निर्धारित होगी।

लिखित परीक्षा के लिए बाहर से बुलाए गये उम्मीदवारों को टिकट या यात्रा का प्रमाण जैसे रेलवे/बस टिकट या टिकट नंबर प्रस्तुत करने पर प्रत्यक्ष या सबसे कम दूरी से आने और जाने का स्लीपर क्लास/ दूसरी श्रेणी से रेल/राज्य बस परिवहन के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

आवेदन कैसे करें:

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे 13/7/2018 की शाम **5** बजे तक ऑनलाइन आवेदन करें और हमारे वेब पेज http://www.ipr.res.in/advertisements.html पर से ऑनलाइन आवेदन को भरते हुए प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ □4 साइज के कागज़ात पर हस्ताक्षर किए आवेदन की हार्ड कॉपी भेज दें। आवेदन के दाहिनी ओर शीर्ष कोने पर पासपोर्ट साइज़ का ताजा फोटो चिपकाये, साथ ही उम्र, योग्यता और कार्य अनुभव आदि के समर्थन में प्रमाणपत्र की प्रतियां सम्मिलित करें और आवेदन को 'मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गांधीनगर – 382428 के पते पर भेजें, जो दिनांक 20/7/2018 तक या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए। लिफाफे पर विज्ञापन संख्या और आवेदित पद लिखा होना चाहिए।

किसी भी प्रकार की देरी के लिए या निर्धारित अवधि के भीतर हार्डकॉपी नहीं प्राप्त होने के लिए संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदन को उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित करना होगा या लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जायेगा। कोई अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

न्यूनतम योग्यता होने पर और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से लिखित परीक्षा के लिए बुलावा मिले, यह जरूरी नहीं है। विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों की छानबीन की जाएगी और योग्य आवेदकों में से उम्र, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आदि के आधार पर केवल चुनिंदा उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा  लिए बुलाया जाएगा। कोई भी कारण बताए बिना लिखित परीक्षा के लिए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार अधिकारियों के पास सुरक्षित हैं। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई भी समस्या होने पर कृपया संपर्क करें - recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी